भा0कृ0अ0प0–केंद्रीय भेड़ एंव ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर ( मालपुरा जिला टोंक ) वाया जयपुर राजस्थान (भारत) 304501
**ICAR CENTRAL SHEEP & WOOL RESEARCH INSTITUTE**
**AVIKANAGAR (MALPURA DISTT. TONK) VIA: JAIPUR RAJASTHAN (INDIA)**

**पंजीकृत**

फा0सं0 6(194)एस0पी0 / 2009 / खण्ड–प्रथम / दिनांकः 28.12.2017

निमित्तः

मैसर्स——————————————
——————————————
——————————————

विषयः इस संस्थान के सिरोही बकरी परियोजना की बकरियो के दूध को वार्षिक अनुबन्ध के आधार पर निस्तारण करने के कार्य को वर्ष 2018–19 के लिये सीमित निविदा / कोटेशन प्रपत्र आमंत्रित करने के क्रम में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में लेख है कि संस्थान के सिरोही बकरी परियोजना की बकरियों के दूध के कार्य को वार्षिक अनुबन्ध के आधार पर निस्तारण करने के लिए वर्ष 2018–19 के लिये इच्छुक निविदाताओं / ठेकेदारों से सीमित निविदा / कोटेशन–प्रपत्र आमंत्रित किए जाते हैं ।

अतः आप से अनुरोध है कि संलग्न सीमित निविदा /कोटेशन प्रपत्र में दर्शायी गई नियम एवं शर्तो का अवलोकन करते हुए सीमित निविदा / कोटेशन प्रपत्र में दर्शाये गये अनुसार अपनी **उच्चतम एवं उचित दरें संलग्न प्रपत्र में भरकर दिनांक 18–01–2018 अपरान्7ह 1.00 बजे तक आवश्यक रूप से भिजवाये जा सकते हैं। प्राप्त सीमित निविदा / कोटेशन प्रपत्र उक्त तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे सक्षम अधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति द्वारा खोले जावेगे । यह सूचना संस्थान की बेबसाइट www.cswri.res.in पर भी उपलग्ध है।**

यह सक्षम अधिकारी महोदय की अनुमति से जारी किया जा रहा है ।

भवदीय,

( नीरज तॅवर )
प्रशासनिक अधिकारी ( क्रय )

प्रति :

1– प्रभारी, ए0के0एम0 यूनिट को उपर्युक्त सीमित निविदा / कोटेशन–प्रपत्र की प्रति संस्थान वेब–साईट पर प्रसारित करने हेतु संलग्न कर भिजवाया जा रहा है ।
2– विभागाध्यक्ष, ए0जी0एण्ड बी0 विभाग को सूचनार्थ ।
3– सभी सूचना पट्ट संस्थान ।
4– कार्यालय, ग्रम पंचायत चान्दसैन ।
5– कार्यालय, पंचायत समिति मालपुरा ।
6– कार्यालय,नगर पालिका मालपुरा ।
7. Jai Veer Teja Madar Dairy, Truck Road, Lawa Teh. Malpura, Dist.-Tonk, Rajasthan -304504
8- Saini Doodh Dairy Bus Stand Wali Gali Market Lawa Teh.-Malpura, Dist.-Tonk Rajasthan -304504
9- Saras Doodh Dairy Tonk Road, Tordi, Teh.-Malpura, Dist.-Tonk, Rajasthan- 304502
10- Saras Dairy, Manak Chowk, Malpura, Dist.-Tonk, Rajasthan- 304502
11- Lotus Doodh Dairy, Main Market, Pachewar, Teh.-Malpura, Dist.-Tonk, Rajasthan-304502
12- Laxmi Doodh Dairy, Pathwari Chok, Lamba Hari Singh, Teh.-Malpura, Tonk-304503
13- Amul Dairy Shop No- H-1/25, Industrial Area, Malpura, Dist.-Tonk Rajasthan-304502
14- Amul Doodh Dairy, Truck Road, Lawa , Teh.-Malpura, Dist.-Tonk Rajasthan -304504

भा0कृ0अ0प0–केंद्रीय भेड़ एंव ऊन अनुसंधान संस्थान
अविकानगर ( मालपुरा जिला टोंक )वाया जयपुर राजस्थान (भारत) 304501
ICAR–CENTRAL SHEEP & WOOL RESEARCH INSTITUTE
AVIKANAGAR (MALPURA DISTT. TONK) VIA: JAIPUR, RAJASTHAN (INDIA)

क्रमांक 6(194)एस0पी0/2009/खण्ड–प्रथम/ दिनांक 28.12..2017

**सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र/प्रोफार्मा**

1– सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि — दिनांक 18–01–2018 को दोपहर बाद 1–00 बजे तक
2– सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि — दिनांक 18–01–2018 को दोपहर बाद 3–00 बजे से
3– अमानत धनराशि — रूपये 5,000.00 (रूपये पॉच हजार मात्र)
4– निविदा/कोटेशन की मान्य अवधि — 120 दिन

| क्र0स0 | कार्य का विवरण | दूध की अनुमानित मात्रा वार्षिक | दर प्रति Litre (अंकों एवं शब्दो में) |
|---|---|---|---|
| 1. | सिरोही बकरी परियोजना की बकरियो के दूध के निस्तारण कार्य को वार्षिक अनुबन्ध के आधार पर वर्ष 2018–2019 में करना । | 15,000 से 18,000 Litre | |

हस्ताक्षर निविदादाता
निविदादाता का नाम
पिता का नाम
पूरा पता
पेन नं0
मोबाइल नं0

नियम एवं शर्ते इस प्रकार है :

1 सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र संस्थान द्वारा जारी प्रदत्त प्रपत्र पर ही स्वीकार की जोयेगी। सशर्त एवं तार द्वारा भेजी गई तथा देरी से प्राप्त सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें । साथ ही, पेन नं0 भी अंकित करते हुए उसकी फोटो प्रतिलिपि संलग्न करना अतिआवश्यक है, इसके बिना सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

2 बकरीयों के दूध के निस्तारण कार्य को वार्षिक अनुबन्ध के आधार पर करने की उच्चतम एवं उचित दर ही स्वीकार की जायेगी । यदि आवश्यक समझा गया तो दर के बारे में प्रथम उच्चतम दरदाता से आपसी बातचीत भी की जा सकती है । निविदादाता को सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र के साथ रूपये 5,000/– पॉंच हजार रूपये मात्र बतौर अमानत धनराशि डी0डी0 इस संस्थान के पक्ष में बना हुआ हो, जो कि ICAR UNIT CSWRI, Avikanagar (Malpura) के नाम से एस.बी.आई. मालपुरा पर भुगतान योग्य हो के रूप में जमा कराना होगा । बिना अमानत धनराशि के कोई भी सीमित निविदा/कोटेशन–प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। सफल सीमित निविदा/कोटेशनदाता को कार्य आदेश से पूर्व जमानत धनराशि Security money रूपये 20,000.00 (रूपये बीस हजार मात्र) जमा करानी होगी। उसके बाद ही अनुबंध का कार्य आदेश दिया जायेगा ।

3 अनुबन्ध की समय अवधि एक वर्ष के लिए होगी । संस्थान के किसी कार्य में अनुबन्धकर्ता/ठेकेदार या उसके प्रतिनिधि की ओर से किसी भी तरह का व्यवधान या नुकसान होने पर अनुबंध को निश्चित समय अवधि से पूर्व समाप्त किया जा सकता है । ऐसी परिस्थिति में अमानत/जमानत धन राशि जब्त कर ली जायेगी ।

4 निविदादाता/ठेकेदार को सुबह एवं शाम को बकरी सेक्टर से प्रति दिन नगद भुगतान करके दूध उठाना होगा, दूध समय पर नहीं उठाने पर जो भी नुकसान होगा, उसका हर्जाना स्वंय निविदादाता/ठेकेदार को जमा कराना होगा। अन्यथा हर्जाने की धनराशि जमानत धनराशि में से काट ली जायेगी ।

5 दूध की मात्रा जो भी उपलब्ध होगी दी जायेगी । वह निविदादाता/ठेकेदार को उठानी होगी ।

6 कार्य अनुबन्ध सन्तोष जनक पाये जाने पर अनुबन्धकर्ता की लिखित सहमति पर अनुबन्ध आगे बदाया जा सकता है।

7 बिना कोई कारण बताये किसी एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार संस्थान के निदेशक महोदय /सक्षम अधिकारी महोदय के पास सुरक्षित होगा ।

8 जमानत बतौर जमा करायी गयी धनराशि का भुगतान अनुबन्ध का सन्तोषजनक तरीके से पूर्ण करने के उपरान्त ही की जायेगी ।

<u>नोटः</u>

1 प्रस्तुत दर अंको एवं शब्दो में प्रस्तुत करनी होगी। प्रस्तुत दर आदि में किसी प्रकार की काट–छॅाट नहीं होनी चाहिए । यदि किसी प्रकार की काट–छॅाट होती हैं तो काट–छॅाट पर निविदादाता/ठेकेदार को हस्ताक्षर करना अनिवार्य है ।

( नीरज तॅवर )
प्रशासनिक अधिकारी ( क्रय )

मैने उपर्युक्त नियम एवं शर्तो को पढ कर अच्छी तरह समझ लिया है तथा सभी नियम व शर्ते मुझे मान्य/स्वीकार है । साथ ही, उपर्युक्त सारिणी में दर्शायी गई दर पर मै दूध क्रय करने/उठाने के कार्य में पूर्णतया सहमत हूँ ।

हस्ताक्षर निविदादाता
निविदादाता का पूरा नाम
पिता का नाम
पूरा पता,
पेन नं0, मोबाईल नं0
बैंक खाता विवरण